अब दसवीं पास नहीं बन सकेंगे होमगार्ड इंटरव्यू खत्म

चंडीगढ़। हरियाणा में अब 10वीं पास होमगार्ड नहीं बन सकेंगे। सरकार ने इनकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं से बढ़ाकर बारहवीं कर दी है। साथ ही भर्ती के लिए इंटरव्यू नहीं होगा। होमगार्ड के सेवा नियमों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूरी दे दी है।

अब इनके सेवा व भर्ती नियम पुलिस की तर्ज पर होंगे। नए नियमों के तहत ही भविष्य में होमगार्ड वालंटियर के खाली 1900 पद भरे जाएंगे। अभी तक होमगार्ड के सेवा नियम नहीं थे। नए भर्ती के लिए अब ऑनलाइन परीक्षा होगी। लंबाई, छाती का माप, दौड़ को पूरा करने का समय सब कुछ पुलिस भर्ती की तर्ज पर रखा गया है। छह-छह महीने के अंतराल पर होमगार्ड को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रदेश में नवंबर 2016 के बाद होमगार्ड की सीधी भर्ती नहीं हुई है।अंदरखाने ही होमगार्ड को भर्ती किया जा रहा। बीते कुछ वर्षों से होमगार्ड की भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोप लगते आ रहे थे। ब्यूरो